# कार्यालय प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन

नैक द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त
DST-FIST सहायतित
Infront of Polytechnic College, Dewas Road Ujjain
Email: madhavsciencecollegeujjain@gmail.com
Ph.No. : 07342511803


क्रं. : 1168 दिनांक : 7/2/2024

## अनुबंध के आधार पर मानसेवी अतिथि विद्वान व्यवस्था (आमंत्रण के आधार पर) हेतु विज्ञप्ति

शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु माह फरवरी 2024 से अकादमिक सत्र की समाप्ति माह मई 2024 अथवा परीक्षा प्रारंभ होने तक, जो भी पूर्व हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संस्था में संचालित विषयों की अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु, योग्य अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने के लिये अनुबंध के आधार पर ऑनलाईन आवेदन संस्था की वेबसाइट www.mymujjain.org के माध्यम से दिनांकः 14/2/2024 सांय 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है।

- कम्प्यूटर साइंस (Computer Science) : 1
- बायोइन्फॉर्मेटिक्स (Bioinformatics ) : 2
- गणित (Mathematics) :1
- भौतिकशास्त्र (Physics) : 1
- बायोटैक्नॉलाजी (Biotechnology) : 1

उपरोक्तानुसार अनुबंध के आधार पर आमंत्रित मानसेवी अतिथि विद्वानों को सौंपे जाने पर विषय से संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों का अध्यापन भी करवाना होगा।

मानसेवी अतिथि विद्वानों हेतु आवश्यक अर्हता विज्ञापन प्रसारित करने के दिनांक तक यू.जी.सी द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रावधानों के अनुसार होगी। यह व्यवस्था जनभागीदारी समिति के नियमों के अन्तर्गत हैं तथा इसी अनुसार प्रति माह मानदेय अधिकतम रू.26,000/-देय होगा। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 14/2/2024 सांय 5.00 बजे तक रहेगी। अपूर्ण एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन के अतिरिक्त आवेदन की हार्डकॉपी भी समस्त प्रपत्रों के साथ दिनांक 14.02.24 सांय 5.00बजे तक इस कार्यालय में जमा करा सकते है।

**अर्हता एवं चयन हेतु मापदण्डः** चयन प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगी। मेरिट अंकों का निर्धारण यू.जी.सी. के नवीनतम मापदण्डों के अनुसार होगा। आवश्यक अर्हता, मापदंड एवं अधिभार संबंधी जानकारी संस्था के पोर्टल/वेबसाइट www.mvmujjain.org पर उपलब्ध है।

**आवेदन कैसे करें** : ऑनलाईन आवेदन संस्था की वेबसाइट www.mvmujjain.org के माध्यम से दिनांक 14/02/2024 सांय 5.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की केवल प्रावधिक गुणानुक्रम सूची तैयार की जावेगी। आवेदन पत्र में सही एवं वांछित पूर्ण जानकारी देना आवेदक की पूर्ण जिम्मेदारी होगी, आवेदक द्वारा कोई भी गलत जानकारी दिये जाने पर अथवा अपूर्ण होने पर आवेदन स्वतः निरस्त माना जावेगा। विभिन्न विषयों में आवश्यकतानुसार संस्था की वेबसाइट www.mvmujjain.org के माध्यम से सूचित किये जाने पर अभ्यर्थी को संस्था में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी । तत्पश्चात् विषयवार अंतिम गुणानुक्रम सूचियां तैयार की जाएंगी, जिनमें से आवश्यकतानुसार गुणानुक्रम में अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जावेगा।

**आमंत्रण व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है । यह व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग म.प्र शासन के स्वीकृत रिक्त पदों के विरूद्ध नहीं है, ना ही शासन द्वारा इस हेतु कोई अनुदान प्राप्त होता है।**

**टीपः सत्र 2021-22 के अंत तक संस्था में पूर्व से आमंत्रित मानसेवी अतिथि विद्वानों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

अभ्यर्थियों को आमंत्रित करने अथवा उनके आमंत्रण को बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार जनभागीदारी समिति शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन को होगा।

संबंधित विषय में यूजीसी मानदंड पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त न होने पर संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्रीधारक को प्रावीण्य क्रम के अनुसार आमंत्रित किया जाएगा। विज्ञापित विषयों में पदों की संख्या परिवर्तनशील है।

**नोट** : समस्त जानकारियां समय-समय पर संस्था की वेबसाइट पर जारी की जाएँगी अतः संस्था की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करें।

प्राचार्य एवं सचिव जनभागीदारी समिति
शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन

PRINCIPAL
Madhav Vigyan Mahavidyalaya
UJJAIN (M.P.)